"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 215] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 19 मार्च 2021 — फाल्गुन 28, शक 1942

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 12 मार्च 2021

अधिसूचना

क्रमांक एफ 4–54/56/2014/इ.सू.प्रौ.— राज्य शासन एतद्द्वारा "छत्तीसगढ़ राज्य में दूर संचार अवसंरचना के विकास के लिए तारमार्ग के अधिकार ("राइट ऑफ वे") की नीति, 2021" संलग्न परिशिष्ट अनुसार अधिसूचित करता है।

संलग्न–परिशिष्ट

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
समीर विश्नोई, संयुक्त सचिव.

परिशिष्ट

छत्तीसगढ़ राज्य में दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए तार मार्ग के अधिकार ("राइट ऑफ वे") की नीति, 2021

अध्याय – 1

सामान्य जानकारी

1. पृष्ठभूमि–

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड, वायरलेस और वायरलाईन कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एन.ओ.एफ.एन.) परियोजना और भारतनेट परियोजना के माध्यम से ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाने का कार्य किया जा रहा है। दूरसंचार, भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय विषय है, परन्तु उसे राज्य का समर्थन आवश्यक है ताकि दूरसंचार संसाधनों को स्थापित करने एवं उसके रखरखाव के लिए लाइसेंसधारी को अनुमति देने के लिए नियमानुकूल प्रावधान किया जा सकें। जिसके अंतर्गत लाईसेंसधारी को शासकीय विभाग और निजी स्वामित्व की भूमि और भवन के स्वामियों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित भारतीय तार मार्ग के अधिकार नियम, 2016 के तहत से पूर्व अनुमति प्राप्त करने की व्यवस्था की जा सकें।

राज्य में लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकायों आदि के स्वामित्व की सड़कों पर, भूमि के नीचे या छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के बिजली के खंबों पर ऑप्टिकल फायबर बिछाने के लिए सेवा प्रदाता को पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है। राज्य में विभिन्न विभागों में अनुमति देने के लिए भिन्न–भिन्न नियम हैं जिससे विभिन्न कार्यालयों से अनुमति लेने तथा ऑप्टिकल फायबर बिछाने की परियोजना के क्रियान्वयन में विलंब होता है।

2. उद्देश्य –

2.1 राज्य में दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना की प्रकिया को सुगम, सरल और विनियमित करना।

2.2 ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं और निजी स्वामित्व की भूमि या भवन पर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना करने वाले लाईसेंसी द्वारा मांग करने पर अनुमति प्रदान करने की सरल और पारदर्शी प्रकिया लागू करना।

2.3 सभी प्रकार के मोबाईल टॉवर लगाने, ओएफसी, इन बिल्डिंग समाधान और अन्य दूरसंचार अवसंरचनाओं की स्थापना हेतु आवेदन देने पर निर्धारित समय सीमा में अनुमति प्रदान करने की प्रकिया को लागू करना।

2.4 राज्य के दूरस्थ, पहाड़ी और एल.डब्ल्यू.ई. प्रभावित क्षेत्रों में दूरसंचार नेटवर्क के विकास को प्रोत्साहित करना।

2.5 राज्य में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में उच्च गति से इंटरनेट प्रदान करने के लिए आधुनिक दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना करना।

2.6 उन क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाले इंटरनेट की प्रदायगी सुनिश्चित करना जहां मोबाईल कनेक्टिविटी मौजूद है एवं नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थलीय ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी में सुधार करना।

3. शीर्षक और लागू होने की तिथि –

3.1 इसे "छत्तीसगढ़ दूरसंचार तार मार्ग के अधिकार की नीति, 2021" कहा जाएगा।

3.2 यह नीति राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होगी।

4. परिभाषाएँ –

4.1 "अधिनियम" से आशय है– इंडियन टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13);

4.2 "समुचित प्राधिकारी" या "प्राधिकारी" से आशय है– केन्द्र सरकार, राज्य शासन, स्थानीय प्रशासन, निकाय, समिति, कंपनी या संस्था के ऐसे प्राधिकारी, जो संबंधित संस्था द्वारा विकसित, निर्मित या स्थापित की गई संपत्ति के नियंत्रण, प्रबंधन एवं रखरखाव का प्राधिकारी हो;

4.3 "भारतीय तार मार्ग के अधिकार नियम 2016" से आशय है– भारत में दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए अनुमति हेतु भारत सरकार के राजपत्र में जारी अधिसूचना;

4.4 "लाइसेंस" से आशय है– भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा के भीतर दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए किसी कंपनी, निकाय या संस्था को प्रदत्त अनुमति या लाईसेंस।

4.5 "लाइसेंसी" या/और "आवेदक" से आशय है– ऐसे आवेदक, जिसे भारत सरकार द्वारा दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया है और उनके द्वारा छत्तीसगढ़ में अवसंरचना का निर्माण करने के लिए आवेदन किया गया है;

4.6 "भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना" से आशय है– भूमि के ऊपर स्थापित दूरसंचार टॉवर या तार लाईन, जिसमें संचालन एवं संधारण के लिए स्थापित चैक प्वाइंट, उपकरण और यंत्र भी सम्मिलित है;

4.7 "भूमिगत दूरसंचार अवसंरचना" से आशय है– भूमि के भीतर बिछी हुई दूरसंचार तार लाईन और जिसके अंतर्गत तार लाईन, जिसमें संचालन एवं संधारण के लिए स्थापित मैन होल, मार्कर पत्थर, उपकरण और यंत्र भी सम्मिलित है;

4.8 "सेल–ऑन–व्हील्स" से आशय है– अस्थायी या 180 दिनों से कम अवधि के लिए स्थापित मोबाइल टॉवर;

4.9 "समिति" से आशय है– आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का मूल्यांकन करने के लिए बनाई गई समिति, जिसका स्वरुप कंडिका 8 में उल्लेखित किया गया है;

4.10 "एजेंसी" से आशय है– ऐसे विभाग या उसकी एजेंसी, निकाय, प्राधिकरण, कंपनी आदि, जो भूमि, सड़क, बिजली या टेलीफोन लाइन के खंभे आदि की स्थापना, निर्माण, रखरखाव और मरम्मत के लिए उत्तरदायी है;

4.11 "राईट ऑफ वे" से आशय है– तार मार्ग पर कार्य करने की अनुमति;

4.12 "फायबर या केबल" से आशय है ऑप्टिकल फाइबर, ऑप्टिकल ग्राउंड वायर, सभी डाई–इलेक्ट्रिक सेल्फ–सपोर्टिंग केबल और सभी प्रकार के तार या केबल जो दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने के लिए उपयोग किये जाए;

4.13 "सार्वजनिक उपयोगिता सेवा" से आशय है– ऐसी सेवा, जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 प्रदान करता है;

4.14 "आवश्यक सेवाएँ" या "आवश्यक सेवा" से आशय है– आवश्यक सेवा संरक्षण अधिनियम, 1981 अनुसार परिभाषित सेवा;

5. प्रयोज्यता –

5.1 प्रत्येक समुचित प्राधिकारी द्वारा इस नीति के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा।

5.2 समुचित अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र के लिए आवेदक द्वारा भूमिगत या भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना और रखरखाव के लिए आवेदन करने पर इन नीति के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेगा।

5.3 इन नियमों के अंतर्गत दी गई कोई भी अनुमति भारतीय तार अधिनियम 1885, भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी एक्ट 1933 के तहत जारी किसी भी आदेश को प्रभावित नहीं करेगी।

5.4 इस नीति के कार्यान्वयन और समन्वय के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग नोडल विभाग होगा।

5.5 उपरोक्त नीति के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आवश्यक नियम, व्याख्या, स्पष्टीकरण और निर्देश जारी किए जाएंगे।

5.6 नीति में उल्लेखित समुचित प्राधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में निम्नलिखित दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना की अनुमति देने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे उसकी जांच करेंगे–

5.6.1 मोबाइल टावर– ग्राउंड बेस टावर्स [GBT], रूफ टॉप टावर्स [RTT], रूफ टॉप पोल [RTP],

5.6.2 सूक्ष्म संचार उपकरण (माइक्रो सेल)/छोटे सेल

5.6.3 भूमि के ऊपर एवं भूमिगत ऑप्टिकल फायबर केबल

5.6.4 भारतीय तार अधिनियम के अनुसार उपकरण

5.7 एक एकल खिड़की पोर्टल विकसित किया जाएगा और नीति अधिसूचित होने के एक वर्ष की समय–सीमा में प्रक्रिया को पेपरलेस/लेसपेपर बनाने की कार्यवाही की जाएगी।

6. पात्रता मापदंड –

6.1 कोई भी आवेदक जिसके पास भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा जारी दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी)/इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी)/इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर (आईपी) के रूप में कार्य करने के लिए वैध लाइसेंस/अनुमति है, वह दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु पात्र होगा। आईपी श्रेणी–1 कंपनियां जिनका भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के साथ वैध पंजीकरण है, वे भी अनुमति प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी।

6.2 "तार मार्ग के अधिकार" ("राइट ऑफ वे") की अनुमति सेवा प्रदाता के लाईसेंस की वैधता अवधि तक मान्य होगी।

6.3 लाइसेंसधारी भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय से प्राप्त लाइसेंस, शर्तों, प्रावधानों और पात्रता की सीमा में राज्य सरकार के नियमों के अनुसार "तार मार्ग के अधिकार" ("राइट ऑफ वे") प्राप्त करने के लिए पात्र होगा।

6.4 शासकीय अथवा निजी व्यक्ति के स्वामित्व वाली भूमि/भवन पर दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने की अनुमति/लाइसेंस निजी पक्ष और दूरसंचार सेवा

प्रदाता/आईपी कंपनी के बीच निष्पादित समझौते के उपरान्त दी जाएगी। यदि भूमि/भवन पीएसयू, स्थानीय प्राधिकरण, निगम या राज्य सरकार या भारत सरकार के हैं, तो अनुमति संबंधित संस्था से सहमति/समझौता करने के बाद ही दी जाएगी।

अध्याय – 2

भूमिगत दूरसंचार अवसंरचना

7. लाइसेंसी द्वारा आवेदन –

7.1. लाइसेंसी को किसी भी स्थान पर भूमिगत दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना के लिए प्रकरणवार आवेदन करना होगा। इस आवेदन पत्र का प्रारूप परिशिष्ट–1 में है।

7.2 आवेदक को जिस भूमि पर भूमिगत दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना करना है यदि वह निजी भूमि है तो भूमि स्वामी एवं आवेदक कंपनी के मध्य हुए समझौते की प्रति या सहमति उपलब्ध कराने पर अनुमति दी जाएगी।

7.3 यदि भूमि पीएसयू, स्थानीय प्राधिकरण, निगम या राज्य सरकार या भारत सरकार की हैं, तो संबंधित प्राधिकरण, सरकार या निकाय से सहमति प्राप्त करने के बाद ही अनुमति दी जाएगी।

7.4 लाइसेंसधारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाए–

7.4.1 केन्द्र सरकार द्वारा आवेदक को दिए गए लाइसेंस की प्रति।

7.4.2 राज्य और जिला कार्य योजना की प्रति।

7.4.3 प्रस्तावित की गई भूमिगत दूरसंरचार अवसंरचना का विवरण।

7.4.4 प्रस्तावित की गई भूमिगत दूरसंरचार अवसंरचना के ऊपर की संरचनाओं का विवरण।

7.4.5 छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित किये जाने वाले ओ.एफ.सी नेटवर्क का नक्शा जो जीआईएस (अक्षांश और देशांतर का विवरणी के साथ) पर हो तथा आवेदन की तारीख तक अपडेट किया गया हो।

7.4.6 सर्वेक्षण रिपोर्ट और जीआईएस नक्शे पर फायबर के प्रस्तावित पथ का विवरण।

7.4.7 कार्य निष्पादन का तरीका और समय अवधि।

7.4.8 यदि लाइसेंसधारी विशिष्ट तरीके से काम करने की योजना रखता है तो उसका विवरण एवं कार्य पूर्ण होने के अनुमानित दिवस।

7.4.9 कार्य पर अनुमानित व्यय का विवरण।

7.4.10 नागरिकों को होने वाली असुविधा का आंकलन और ऐसी असुविधा को कम करने के लिए प्रस्तावित उपायों की जानकारी।

7.4.11 कार्य निष्पादन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किये जाने वाले उपायों की जानकारी।

7.4.12 आवेदक के अनुसार ऐसे तथ्यों की जानकारी जो प्रस्तावित किए जाने वाले कार्य से जुड़े हो।

7.4.13 कार्य से जुड़े ऐसे तथ्य जो केंन्द्र सरकार, राज्य शासन या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा जारी किसी आदेश से प्रभावित होते हो।

7.4.14 लाइसेंसी आवेदन करते समय यह वचन पत्र देगा कि भवन, सड़क या भूमि के मूल स्वरुप की बहाली के लिए वह उचित और विवेकपूर्ण उत्तरदायित्व का निर्वहन करेगा एवं कार्य के फलस्वरूप होने वाली क्षति की पूर्ति के लिए प्राधिकारी द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों के अनुरूप कार्य करने हेतु उत्तरदायी रहेगा।

7.4.15 क्षतिपूर्ति बांड, जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो कि आवेदक किसी भी नुकसान या क्षति की पूर्ति या किसी भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही से होने वाले परिणामों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।

8. समुचित प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान करना–

8.1 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निश्चित तिथि पर आवेदक को कार्य योजना पर प्रस्तुतिकरण देना होगा जिसकी विभाग समीक्षा करेगा।

8.2 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्राधिकारी आवेदन प्राप्त होने के 15 दिवस में कार्य योजना को संशोधन करने, स्वीकृत करने या कारण बताते हुए अस्वीकृत करेगा।

8.3 कार्य योजना अस्वीकृत करने के पूर्व आवेदक को सुनवाई का अवसर दिया जाएं।

8.4 आवेदक संशोधित कार्य योजना 7 दिवस में प्रस्तुत करेगा अथवा उक्त आवेदन निरस्त माना जाएगा।

8.5 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग आवेदन को जिला स्तरीय समिति को अग्रेषित करेगा।

9. नीति के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा जिसका स्वरूप निम्नानुसार होगा–

- कलेक्टर– अध्यक्ष
- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत– सदस्य
- वन मण्डलाधिकारी– सदस्य
- कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग– सदस्य
- कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग– सदस्य
- कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग– सदस्य
- मंडल अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी– सदस्य
- संबंधित आयुक्त, नगर निगम या नगर पालिका अधिकारी– सदस्य
- संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व– सदस्य
- उप संचालक, टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग– सदस्य
- उप/संयुक्त/ अपर जिलाधीश (इ.सू.प्रौ के प्रभारी)– सदस्य सचिव
- राज्य सरकार के ऐसे विभाग जिनके भवन या भूमि पर दूरसंचार अवसंरचना का कार्य प्रस्तावित है तो समिति में उन विभागों के जिलाधिकारी कलेक्टर द्वारा सदस्य के रूप में रखे जाएं।
- निजी सेवा प्रदाता कंपनी एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारी की आवश्यकता होने पर कलेक्टर द्वारा उन्हें आमंत्रित सदस्य के रुप में बुलाया जा सकता है।

10. जिला स्तरीय समिति निम्नलिखित मापदंडों पर आवेदन की जांच करेगी–

10.1 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सहमति।

10.2 जिले की कार्य योजना।

10.3 भारत सरकार द्वारा जारी लाईसेंस की वैधता।

10.4 भूमिगत या भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना के लिए प्रस्तावित मार्ग जिसे सार्वजनिक बुनियादी संरचनाओं से इंगित किया गया है की उपयुक्तता।

10.5 कार्य निष्पादन का तरीका।

10.6 कार्य के निष्पादन की समयावधि और उसे प्रारंभ करने का अनुमानित दिन।

10.7 प्राक्कलन में व्यय का आंकलन, जिससे प्राधिकारी प्रस्तावित कार्य का स्वरूप को ज्ञात कर सके।

10.8 सार्वजनिक सुरक्षा और असुविधा को दूर करने या कम करने के उपाय हेतु आवेदक द्वारा दी गई कार्य योजना का आंकलन करना।

10.9 कार्य के दौरान हुई किसी भी क्षति की पूर्ति हेतु आवेदक की जिम्मेदारी तय करने हेतु दस्तावेजों का सत्यापन करना।

10.10 प्राधिकारी भूमिगत या भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना एवं रखरखाव से जुड़े आदेश दे सकेगा।

11. जिला स्तरीय समिति के दायित्व–

11.1 जिला स्तरीय समिति आवेदन पत्र की जांच कर सहमति/असहमति या प्रस्तुत किए गये प्रस्ताव पर संशोधन प्रदान करेगी।

11.2 अधिनियम और नियमों में दर्शाई शर्तों पर अनुमति प्रदान की जाएं परन्तु यह शर्ते सीमित नही है। सार्वजनिक सुरक्षा और असुविधा को कम करने एवं उसे बहाल करने तथा क्षति की पूर्ति आदि संबंधी शर्तें जोड़ी जा सकती हैं।

11.3 अस्वीकृत किये गये आवेदनों पर अस्वीकृति का कारण दर्शाया जाएं।

11.4 किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के पूर्व आवेदक को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाएं।

11.5 आवेदन अस्वीकार होने की स्थिति में, समुचित प्राधिकारी आवेदक द्वारा जमा किया गया शुल्क जब्त कर सकता है।

11.6 यदि जिला स्तरीय समिति आवेदक को आवेदन प्रस्तुत करने के 30 दिनों के भीतर अपने निर्णय को बताने में विफल रहता है, तो अनुमति/एनओसी प्रदान की गई मानी जाएगी।

12. प्राधिकारी के निर्देशों के अनुसार आवेदक प्राधिकरण की भूमि पर काम करने से होने वाले नुकसान के मुआवजे के एवज में संबंधित विभाग को बैंक गारंटी प्रस्तुत करेगा, जिसकी दरें निम्नानुसार होगी––

क्रमांक	विभाग	सड़क की श्रेणी	प्रति कि.मी. बैंक गारंटी की राशि
1	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार/ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण	राष्ट्रीय राजमार्ग	एन.एच.ए.आई./ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्धारित दर अनुसार
2	लोक निर्माण विभाग	बस्तर और सरगुजा राजस्व संभाग की सड़कें	रू. 5,000/–
		बस्तर और सरगुजा राजस्व संभाग को छोड़कर अन्य राजस्व संभागों की सड़कें	रू. 25,000/–
3	नगरीय विकास एवं प्रशासन विभाग	60 फीट या उससे अधिक चौड़ाई की सड़कें	रू. 50,000/–
		30 से 60 फीट चौड़ाई की सड़कें	रू. 25,000/–

		30 फीट से कम चौड़ाई की सड़कें	रू. 15,000/–
4	राज्य सरकार के अन्य विभाग (नगरीय विकास एवं प्रशासन विभाग और लोक निर्माण विभाग को छोड़कर)	विभाग द्वारा निर्मित एवं संधारित सड़क	रू. 5,000/–

12.1 वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के नियमों एवं प्रक्रिया के अनुरूप वन भूमि पर काम करने के लिए वन विभाग से पूर्व अनुमति लेनी होगी। परन्तु, जिन वन क्षेत्रों में शासकीय मार्ग, राजमार्ग एवं अन्य शासकीय संरचना आदि के लिए राइट ऑफ वे की अनुमति प्रदान की गई है तो पुनः वन विभाग से राइट ऑफ वे की अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

12.2 भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्राधिकारी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर "तार मार्ग का अधिकार" की अनुमति दी जाएगी।

12.3 राज्य की बिजली कंपनियां ट्रांसमिशन लाइनों, सब–ट्रांसमिशन लाइनों और बिजली वितरण लाइनों पर एन.ओ.एफ.एन./भारतनेट योजना/ अन्य शासकीय योजना के तहत केबल बिछाने के लिए आवेदक को निशुल्क अनुमति देंगी।

12.4 इस नियम के तहत नेशनल ऑप्टिकल फायबर नेटवर्क (एन.ओ.एफ.एन.) परियोजना, भारतनेट परियोजना या किसी अन्य शासकीय परियोजना के क्रियान्वयन करने के लिए आवेदक को शासकीय भूमि पर तार मार्ग का अधिकार की निःशुल्क अनुमति प्रदान की जाए।

12.5 उपरोक्त कंडिका 12.2 के तहत उल्लेखित सड़कों के अलावा अन्य सड़कों पर दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने वाले आवेदक के लिए, निम्नानुसार शुल्क लागू होगा–

क्रमांक	परियोजना का प्रकार	शुल्क प्रति किलोमीटर
1	शासकीय दूरसंचार परियोजना/एनओएफएन/भारतनेट	0.00
2	कोई अन्य परियोजना	1000.00

13. भूमि के ऊपर केबल बिछाना या डालना–

13.1 भूमि के ऊपर केबल बिछाने/डालने का शुल्क निम्नानुसार होगा–

क्रमांक	विवरण	शुल्क (रूपये)
1	मार्ग के लिए अनुमति शुल्क (एक क्षेत्राधिकार की सीमा के अधीन)	रु. 5,000/–

2	विद्युत एवं स्थानीय निकाय के पोल का किराया (प्रति पोल प्रति वर्ष)	शहरी क्षेत्रों के लिए रु. 100/– ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रु. 50/–

13.2 उपयुक्त प्राधिकारी आवेदक से भूमिगत/भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने के लिए इस अध्याय में निर्धारित शुल्क के अलावा कोई शुल्क नहीं लेगा।

14. कार्य निष्पादन में आवेदक के दायित्व–

14.1 आवेदक, उपरोक्त कंडिका 12 में उल्लेखित शर्तों को पूर्ण करने के पश्चात ही काम शुरू करेगा।

14.2 आवेदक, प्राधिकारी द्वारा निर्धारित राशि का भुगतान करेगा एवं कार्य प्रारंभ करने के पूर्व बैंक गारंटी प्रस्तुत करेगा। आवेदक सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमति देने की तारीख से तीस दिनों की अवधि में कार्य प्रारंभ करेगा।

14.3 आवेदक दूरसंचार अवसंरचनाओं की भौगालिक स्थिति, संरचना का स्थान, ले–आऊट एवं प्रगति आदि की जानकारी समुचित प्राधिकारी प्रदान करने के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित करेगा।

14.4 आवेदक को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और जिला स्तरीय समिति को कार्य प्रारंभ करने की तारीख से अवगत कराना तत्काल होगा। आवेदक जिला स्तरीय समिति द्वारा दी गई अनुमति और प्रदत्त लेआउट के अनुरूप कार्य करेगा।

14.5 आवेदक अच्छा कार्य करने के लिए उत्तरदायी होगा और संपत्ति को नुकसान से बचाने एवं सेवाओं को बहाल रखने का प्रयास करेगा। किसी तरह के नुकसान या सेवा के व्यवधान होने के 24 घंटे के भीतर आवेदक को स्वयं के व्यय पर संपूर्ण सुधार और बहाली विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार करना होगी।

14.6 आवेदक विद्युत सेवा प्रदान करने वाली कंपनी की संपत्तियों पर ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने के दौरान होने वाले किसी भी नुकसान या व्यवधान के लिए उत्तरदायी होगा। इस प्रकार के नुकसान का सुधार, सेवा की बहाली, राजस्व हानि की प्रतिपूर्ति या अन्य लागत का भुगतान आवेदक द्वारा संबंधित विद्युत सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों को किया जाएगा। कंपनियों द्वारा लाइनों के स्थानांतरण करने पर आवेदक स्वयं के व्यय पर अपने केबल को हटाने और पुनः स्थापित करने के लिए जिम्मेदार होगा।

14.7 आवेदक पूर्ण रूप से जान माल की सुरक्षा और जीवित या आवेशित तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा।

14.8 यदि प्रदत्त भूमि या संरचनाओं का उपयोग दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने में किया जाना है और भूमि पर फसल है तो आवेदक को भूमि या फसल के लिए मुआवजा या किराया देना होगा। किसी भी विवाद के मामले में जिला स्तरीय समिति का निर्णय दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा।

14.9 आवेदक का उपयोग की गई संपत्ति पर कोई मालिकाना हक नहीं होगा। वह संपत्ति पहले की तरह संबंधित एजेंसी या स्वामी की होगी।

14.10 ऑप्टिकल फाइबर स्थापित करने के लिए सड़क के किनारे स्थायी नालियों का निर्माण किया जाए।

14.10.1 विभिन्न एजेंसियां राज्य में बनाए जा रहे राजमार्गों, मुख्य सड़कों और जिला सड़कों आदि के किनारे स्थायी नालियों का निर्माण करेगी।

14.10.2 इन नालियों के निर्माण पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति उपयोगिता शुल्क के रूप में सेवा प्रदाताओं/लाइसेंसी/कंपनी से प्राप्त की जा सकती हैं। यह शुल्क राज्य सरकार द्वारा तय किया जाए।

14.10.3 इन नालियों के उपयोग की अनुमति और उपयोगिता की समीक्षा का कार्य जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाए।

14.10.4 जिन सड़कों के किनारे नालियों का निर्माण किया गया है, उन सड़कों के किनारे पर केबल डालने हेतु खुदाई करने की अनुमति नहीं दी जाए।

15. कार्य की निगरानी के लिए समुचित प्राधिकारी की शक्तियां–

15.1 प्राधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी कार्य निष्पादन का अवलोकन कर यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदक द्वारा प्रदत्त की शर्तों का पालन किया गया है या नहीं।

15.2 उपरोक्त अवलोकन में यदि शर्तों का उल्लंघन पाया जाता है तो प्राधिकारी नई शर्तें अधिरोपित कर सकता है।

15.3 यदि प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि आवेदक ने अनुमति प्रदान करने की किसी शर्त का जानबूझकर उल्लंघन किया है, तो वह आवेदक द्वारा प्रस्तुत बैंक

गारंटी को जब्त कर सकता है और दी गई अनुमति वापस ले सकता है, जिसके कारणों को लिखित में दर्ज किया जाए।

15.4 जब तक आवेदक को सुनवाई का अवसर नहीं दिया जाता तब तक उप–नियम 15.3 के तहत कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

अध्याय–3

भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना

16. आवेदक द्वारा आवेदन–

16.1 निजी या सार्वजनिक भूमि, जो किसी प्राधिकरण के नियंत्रण में है, के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना, जिसमें सभी प्रकार के टॉवर और पोल सम्मिलित हैं, की स्थापना के लिए आवेदक अनुमति प्राप्त कर सकते है।

16.2 निजी व्यक्ति के स्वामित्व वाली भूमि/भवन पर दूरसंचार अवसंरचना स्थापित करने की अनुमति निजी पक्ष और आवेदक के बीच निष्पादित समझौते या सहमति की प्रति के प्रस्तुत करने पर दी जाए। यदि भूमि/भवन राज्य सरकार या भारत सरकार, पीएसयू, स्थानीय निकाय या निगम की हैं, तो संबंधित सरकार या प्राधिकारी या निकाय से सहमति प्राप्त करने के बाद ही अनुमति दी जाए।

16.3 लाइसेंसी को किसी भी स्थान पर भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना के लिए प्रकरणवार आवेदन करना होगा। इस आवेदन पत्र का प्रारूप परिशिष्ट–2 में है।

16.4 लाइसेंसधारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाए–

16.4.1 केन्द्र सरकार द्वारा आवेदक को दिए गए लाइसेंस की प्रति।

16.4.2 जिला कार्य योजना की प्रति।

16.4.3 आवेदक द्वारा स्थापित किये जाने वाले दूरसंचार टावर्स एवं इन बिल्डिंग सॉल्यूशंस की पूर्ण सूची, जिसमें निर्मित इंफ्रास्ट्रक्चर की जीआईएस नक्शा (अक्षांश और देशांतर का विवरण के साथ) जो आवेदन की तारीख तक अपडेट किया गया संलग्न करना होगा।

16.4.4 प्रस्तावित कार्य के स्थान की अक्षांश और देशांतर सहित सही भौगोलिक स्थिति।

16.4.5 भूमि के ऊपर दूरसंचार का अवसंरचना की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि का क्षेत्रफल, भवन या संरचना का विवरण।

16.4.6 निजी संपत्ति के मामले भूमि और भवन के मालिक की सहमति/समझौता।

16.4.7 यदि खाली भूमि पर टॉवर खड़ा करना है तो भूमि के मालिक की सहमति या उसके साथ समझौता।

16.4.8 प्रस्तावित स्थान पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा सेवाओं के संचरण की तारीख से 90 दिनों के भीतर रेडियो तरंगों या हर्ट्जियन तरंगों के संचरण के उपयोग के लिए केंद्र सरकार के विधिवत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी अनुमति की प्रति।

16.4.9 कार्य निष्पादन के लिए समय की अवधि।

16.4.10 नागरिकों को होने वाली असुविधा और ऐसी असुविधा को कम करने के लिए प्रस्तावित विशिष्ट उपाय।

16.4.11 कार्य के निष्पादन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले प्रस्तावित उपाय।

16.4.12 क्षतिपूर्ति बांड जिसमें स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो कि आवेदक किसी भी नुकसान एवं क्षति की पूर्ति या किसी भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही से होने वाले परिणामों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।

16.4.13 जहां आवश्यक हो, सेवा प्रदाता को भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह, प्राचीन/ऐतिहासिक इमारतों के पास टॉवर लगाने के मामले में, पुरातत्व विभाग से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना होगा।

16.4.14 यदि टॉवर की स्थापना मंत्रालय, विधानसभा, राज्यपाल या मुख्यमंत्री निवास, उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय जैसी संवेदनशील इमारतों से 100 मीटर की दूरी के भीतर किया जाना प्रस्तावित है, तो संबंधित विभाग से एक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना होगा।

16.4.15 विस्तृत तकनीकी डिजाइन और ड्राइंग।

16.4.16 निम्नालिखित संस्थानों में से किसी एक संस्था के योग्य संरचनात्मक इंजीनियर से चयनित किये गये भवन या टॉवर की संरचनात्मक सुरक्षा और स्थिरता के संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न किया जाए–

- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर
- छत्तीसगढ़ के किसी भी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज
- "इंडियन सोसायटी ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स" में पंजीकृत सिविल इंजीनियर

16.4.17 आवेदक के अनुसार ऐसे तथ्यों की जानकारी जो प्रस्तावित किए जाने वाले कार्य से जुड़े हो।

16.4.18 कार्य से जुड़े ऐसे तथ्य जो केंन्द्र सरकार, राज्य शासन या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा जारी किसी आदेश से प्रभावित होते हो।

16.5 सेल–ऑन–व्हील्स (C.O.W.)– छोटी अवधि (अधिकतम 180 दिन) के आयोजनों/त्योहारों/मेले के प्रबंधन, कवरेज विहिन क्षेत्र या किसी राष्ट्रीय/राज्य आपातकाल के लिए स्थापित की जाने वाली दूरसंचार अवसंरचना को इस नीति के नियमों में सम्मिलित नहीं किया जाए और इस तरह के अस्थायी बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए कोई औपचारिक अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

16.5 आवेदक को टॉवर स्थापित करने या भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना के लिए आवेदन करने पर निम्नानुसार शुल्क लागू होगा–

शुल्क का प्रकार	शुल्क की राशि रुपयो में			
	नगर निगम	नगर पालिका	नगर पंचायत	ग्राम पंचायत
अनुमति शुल्क/ अनुज्ञा शुल्क	1,50,000	1,00,000	50,000	25,000
नवीनीकरण के लिए शुल्क	30,000	20,000	10,000	10,000
समझौता शुल्क	अनुमति शुल्क का 30 से 50 गुना			अनुमति शुल्क का 15 से 50 गुना
टॉवर साझा करने पर अनुमति के लिए शुल्क	10,000	10,000	10,000	10,000

7. समुचित प्राधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान करना–

17.1 भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना किसी अचल संपत्ति पर की जाती है। जो शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय या प्राधिकरण आदि की हो सकती हैं तो उस अचल संपत्ति का किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाने की संभावना बहुत कम होगी, अतः सरकारी भूमि के ऊपर उपयोग के अधिकार की अनुमति के मामले में संस्था आवेदक से शुल्क वसूलने का हकदार होगी। इसके लिए संपति का प्राधिकारी वार्षिक शुल्क का लिखित आदेश देगा, जिसका आवेदक को पालन करना होगा। दूरसंचार सेवाओं की प्रकृति सार्वजनिक उपयोगिता और आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आती है अतः इन नियमों में दिए शुल्क के अलावा स्थानीय प्राधिकरण/निकाय द्वारा लगाए गए सभी प्रकार के करों से छूट होगी।

17.2 इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निश्चित तिथि पर आवेदक कार्य योजना पर प्रस्तुतिकरण देगा जिसकी विभाग समीक्षा करेगा।

17.3 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्राधिकारी आवेदन प्राप्त होने के 15 दिवस में कार्य योजना को संशोधन करने, स्वीकृत करने या कारण बताते हुए अस्वीकृत करेगा।

17.4 कार्य योजना अस्वीकृत करने के पूर्व आवेदक को सुनवाई का अवसर दिया जाएं।

17.5 आवेदक संशोधित कार्य योजना 7 दिवस में प्रस्तुत करेगा अथवा उक्त आवेदन निरस्त माना जाएगा।

17.6 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग आवेदन को जिला स्तरीय समिति को अग्रेषित करेगा।

18. इन नियमों के कार्यान्वयन के लिए संबंधित प्रशासनिक क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय स्तर की समिति का गठन किया जाए। समिति में अध्यक्ष सहित कम से कम 3 सदस्य होंगे, जिसे जिला स्तरीय समिति द्वारा तय किया जाए–

क्रमांक	प्रशासनिक क्षेत्र	प्राधिकारी
1	नगर निगम क्षेत्र	आयुक्त, नगरपालिका निगम
2	नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र	मुख्य नगर पालिका अधिकारी
3	जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के ग्रामीण क्षेत्र	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत

18.1 उपरोक्त प्रशासनिक क्षेत्र में राज्य सरकार के ऐसे विभाग जिनके भवन या भूमि पर कार्य प्रस्तावित है तो समिति में उन विभागों के अधिकारी सदस्य के रूप में रखे जाएं।

18.2 यह समिति इन नियम में उल्लेखित मापदंडों के आधार पर आवेदन की जांच करेगा।

18.3 नियम में दर्शाई सभी शर्तों के अनुपालन के बाद स्थानीय स्तर की समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाकर जिला स्तरीय समिति को भेजा जाए।

18.4 यदि टॉवरों को बिना परमिट के खड़ा किया जाता है तो स्थानीय प्राधिकरण टावर को हटाने की कार्यवाही करेगा। इस दौरान किसी भी नुकसान के लिए संबंधित कंपनी जिम्मेदारी होगी, और उसे नुकसान की क्षति पूर्ति स्थानीय प्राधिकरण को करना होगा।

18.5 मोबाइल टॉवर/रिले टॉवर की स्थापना करने की अनुमति उसी भूमि पर दी जाएं जो 10% भूमि आरक्षण के तहत पार्कों/छात्रावासों हेतु आरक्षित नहीं है।

18.6 सड़कों के लिए चिन्हित भूमि पर मोबाइल टॉवर/रिले टॉवर की स्थापना करने की अनुमति नहीं दी जाए।

18.7 एक टॉवर पर उसी कंपनी या अन्य कंपनी के एंटीना लगाने से क्षेत्र में टॉवरों की संख्या कम की जा सकती है और इस तरह की स्थापना के लिए आवेदक को स्थानीय प्राधिकरण को सूचित करना होगा और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

18.8 सक्षम प्राधिकारी को सड़कों के समीप या चौड़ाई में खुदाई के लिए अनुमति देने और टॉवर के निर्माण के लिए अनुमति देने का अधिकार होगा।

18.9 स्थानीय स्तर की समिति को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप शर्तें लगाने का अधिकार हागा। आवेदक को स्थानीय स्तर की समिति द्वारा जारी किए गए सभी निर्देशों का पालन करना होगा।

18.10 अधिनियम और नियमों में दर्शाई शर्तों पर अनुमति प्रदान की जाएं परन्तु यह शर्तें सीमित नही है। सामाजिक सुरक्षा और सार्वजनिक असुविधा को कम करने और बहाल करने तथा क्षति की पूर्ति आदि संबंधी शर्तें जोड़ी जा सकती हैं, जिनका आवेदक को पालन करना होगा।

18.11 किसी भी आवेदन को तब तक अस्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि आवेदक को अस्वीकृति के कारणों पर सुनवाई का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया हो।

18.12 आवेदन अस्वीकार करने के कारण लिखित में दर्ज करना होगा।

18.13 आवेदन अस्वीकृति की स्थिति में समुचित प्राधिकारी आवेदक द्वारा जमा किया गया शुल्क जब्त किया जा सकता है।

18.14 स्थानीय निवासियों द्वारा टॉवर से विकिरण के संबंध में की गई आपत्तियों की जांच दूरसंचार विभाग, छत्तीसगढ़ के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी, ऐसी आपत्तियों पर तकनीकी विशेषज्ञ का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में आवश्यकता होने पर जन जागरूकता उद्देश्य के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

18.15 प्रत्येक टॉवर/रिले स्टेशन के ऊपर एक रेड सिग्नल लाईट स्थापित की जाना आवश्यक है और प्रत्येक टॉवर/रिले स्टेशन के लिए बिजली कंडक्टर स्थापित किया जाना चाहिए।

18.16 अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए।

18.17 टॉवर के पास जनरेटर से होने वाला वायु और ध्वनि प्रदूषण छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण बोर्ड के मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए।

18.18 यदि प्रस्तावित टॉवर के आसपास बिजली के वितरण के लिए कोई विद्युत लाइन है तो विद्युत लाइनों और प्रस्तावित टॉवर के बीच की दूरी भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुरूप रखी जाए।

18.19 शैक्षणिक संस्थानों एवं अस्पताल / डिस्पेंसरी की इमारतों पर संस्था प्रमुख की सहमति के बगैर टॉवर निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएं।

18.20 इस नीति के अंतर्गत आवश्यक अनुमति लेने के अलावा किसी भी स्थानीय प्राधिकारी से अलग से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

18.21 सभी प्रकार की भूमि एवं भवनों पर दूरसंचार टॉवर स्थापित किये जा सकते हैं, चाहे वे किसी भी उपयोग की प्रकृति के हो। दूरसंचार टॉवरों की स्थापना के उद्देश्य से, किसी भी भूमि या भवन के उपयोग की प्रकृति को बदलने की आवश्यकता नहीं है।

18.22 आवेदक को किसी भी मरम्मत या रखरखाव कार्य के बारे में सात दिन पहले स्थानीय प्राधिकारी को सूचित करना होगा।

18.23 टॉवर निर्माण से संबंधित शिकायतों के मामले में, प्रकरण स्थानीय प्राधिकारी को जांच के लिए भेजा जाएगा और उनसे प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

18.24 इन नियमों के लागू होने से पहले जारी किए गए आदेशों या निर्देशों को इन नियमों के तहत वहां तक प्रासंगिक माना जाएगा, जहां वे इन नियमों के साथ असंगत नहीं है।

18.25 राज्य शासन द्वारा तय किए गए अधिमान्य टैरिफ पर दूरसंचार अवसंरचना को प्राथमिकता से बिजली कनेक्शन प्रदान किया जाए।

18.26 इन नियमों के अनुपालन के उद्देश्य से निष्पादित किए गए दस्तावेज/समझौते को पंजीकरण अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत कराया जा सकता हैं।

18.27 अनुमति का पत्र इन नियमों के अनुरूप प्रारूप परिशिष्ट–3 में जारी किया जाए।

18.28 स्थानीय स्तर के प्राधिकारी को आवेदन की तारीख से तीस (30) दिनों में अपना निर्णय देना होगा।

19. कार्य सम्पादन में लायसेंसधारी के दायित्व–

लाइसेंसी/आईपी–1 यह सुनिश्चित करेगा कि;

19.1 भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना और संचालन प्रारंभ होने के पूर्व सार्वजनिक असुविधा को कम करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों को लागू करेगा जिसमें भूमि के ऊपर अवसंरचना की संरचनात्मक सुरक्षा भी सम्मिलित है।

19.2 भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना और संचालन का कार्य प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई अनुमति की शर्तों के अनुरुप होना चाहिए।

20. कार्य की निगरानी के लिए समुचित प्राधिकारी की शक्तियां –

20.1 प्राधिकारी या उनके नामित अधिकारी कार्य का अवलोकन कर यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदक द्वारा अनुमति की शर्तों का पालन किया जा रहा है या नहीं, यदि पालन नहीं किया जा रहा है तो वह सक्षम प्राधिकारी को अवगत कराएगा।

20.2 उपरोक्त अवलोकन में यदि शर्तों का उल्लंघन पाया जाता है तो प्राधिकारी नई शर्तें अधिरोपित कर सकता है।

20.3 यदि प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि आवेदक ने प्रदान की गई अनुमति की किसी शर्त का जानबूझकर उल्लंघन किया है, तो वह आवेदक द्वारा प्रस्तुत बैंक गारंटी को जब्त कर सकता है और दी गई अनुमति को वापस ले सकता है, जिसके कारणों को लिखित में दर्ज किया जाए।

20.4 आवेदक को सुनवाई का अवसर देने एवं संतोषजनक समाधान प्राप्त न होने पर ही कंडिका 20.3 के तहत कार्यवाही की जाए।

अध्याय–4

निर्माण समाधान (IBS)

21. निर्माण समाधानों की स्थापना के विभिन्न तरीके होंगे जैसे–

21.1 निर्माण समाधान (इन बिल्डिंग सॉल्यूशन IBS) में भूमि या भवन पर स्थापित किसी टॉवर या पोल पर उपकरण स्थापित किया जा सकता है।

21.2 जिन स्थानों पर टॉवर या पोल स्थापित है वहां दूरसंचार अवसंरचना के नवीन निर्माण के स्थान पर निम्नानुसार समाधान किये जाएं जैसे–

21.2.1 दूरसंचार अवसंरचना स्थापना करने वाली कंपनी द्वारा पूर्व स्थापित टॉवर या पोल को अन्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा किया जाए।

21.2.2 कंपनी द्वारा बगैर भेदभाव के यह साझाकरण किया जाएं।

21.2.3 यदि कंपनियों को आईबीएस/डीएएस नोड्स को जोड़ने के लिए ऑप्टिकल फाइबर स्थापित करने की आवश्यकता है तो उसके लिए इस नीति के तहत आर.ओ.डब्ल्यू. की अनुमति प्रदान की जाएं।

21.3 निजी स्वामित्व से इन उपकरणों को लगाने के लिए अनुमति प्राप्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

22. अनुज्ञेयता–

22.1 इन बिल्डिंग समाधान के लिए स्थानीय निकाय से अनुमति की आवश्यकता नहीं हैं परन्तु निजी, शासकीय/अर्द्धशासकीय, निकाय या प्राधिकरण आदि भूमि या भवन के स्वामी से सहमति की आवश्यकता है।

23. निर्माण समाधान हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र/सहमति प्राप्त करने के लिए आवेदन की प्रक्रिया–

23.1 शासकीय/अर्द्धशासकीय, निकाय या प्राधिकरण आदि के भवन के लिए संबंधित प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। जिसके आवेदन की प्रक्रिया इस प्रकार होगी–

23.1.1 शासकीय अर्द्धशासकीय, निकाय या प्राधिकरण के भवन में निर्माण समाधान लागू करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए ले–आउट ड्राइंग के साथ भवन के प्रशासनिक प्राधिकरण/ कार्यालय के प्रमुख को आवेदन किया जाए।

23.1.2 माईक्रोसेल से जुड़े यूटिलिटी बॉक्स वाले प्रत्येक आईबीएस या वाईफाई एंटीना या माईक्रोसेल यूनिट यदि किसी बस शेल्टर, स्ट्रीट लाइट पोल, सार्वजनिक स्थानों सहित किसी भी भूमि या भवन पर स्थापित किए जाते हैं, तो इन परिसरों का वार्षिक शुल्क रु. 500.00 प्रति स्थान की दर पर स्थानीय निकाय या संपत्ति के प्राधिकारी को जमा किया जाए।

23.2 केंद्र या राज्य सरकार की किसी योजना (जैसे प्रधानमंत्री सार्वजनिक वाई–फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस योजना PMWANI Scheme) के अंतर्गत सार्वजनिक वाई–फाई हॉटस्पॉट लगाने के लिए काम करने वाली एजेंसी को किसी भी प्राधिकारी से तार मार्ग के अधिकार ("राइट ऑफ वे") की अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।

अध्याय – 5

24. भूमिगत या भूमि के ऊपर दूरसंचार अवसंरचना को हटाने के लिए समुचित प्राधिकारी का अधिकार–

24.1 किसी भी भूमिगत या भूमि के ऊपर दूरसंचार बुनियादी अवसंरचना की स्थापना के बाद से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण किसी निजी या शासकीय/ निकाय की संपत्ति से अवसंरचना को हटाना या उसमें परिवर्तन करना आवश्यक है, तो प्राधिकारी दूरसंचार अवसंरचना के सेवा प्रदाता को नोटिस जारी करेगा, ताकि उस स्थान से अवसंरचना को हटाया या स्थानान्तरित किया जा सकें।

24.1.1. यदि विभाग सड़क की चौड़ाई बढ़ाना चाहता है तो अवसंरचना के सेवा प्रदाता को एजेंसी द्वारा सुझाए गए सुरक्षित स्थान पर स्वयं के व्यय से अवसंरचना को स्थानांतरित करना होगा।

24.1.2 इस हेतु एजेंसी से सूचना प्राप्त होने पर सेवा प्रदाता दूरसंचार अवसंरचना को हटाने या स्थानान्तरित करने के लिए 30 दिवस में कार्य योजना प्रस्तुत करेगी।

24.1.3 उपरोक्त कार्य योजना पर समुचित प्राधिकारी अनुमोदन प्रदान करेगा।

24.1.4 समुचित प्राधिकारी, ऐसी दूरसंचार अवसंरचना को हटाने हेतु अधिकतम नब्बे दिनों का समय देगा।

24.1.5 ऐसी दूरसंचार अवसंरचना को हटाने या स्थानान्तरित करने के लिए संपूर्ण व्यय एवं क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी संबंधित कंपनी की होगी।

24.2 स्थानीय निकाय को उन सभी टॉवरों/संरचनाओं को हटाने का अधिकार होगा जिन्हें दूरसंचार विभाग के संबंधित सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार सार्वजनिक हित, सुरक्षा या नियमों के विरूद्ध माना गया है।

अध्याय – 6

विवादों का समाधान

25. आवेदक और समुचित प्राधिकारी के बीच विवाद–

25.1 आवेदक और अन्य पक्ष के बीच उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद प्राधिकारी द्वारा नामित अधिकारी को भेजा जाएगा।

25.2 इन नीति के लागू होने की तारीख से अधिसूचना द्वारा नामित, या उल्लेखित क्षेत्राधिकार वाले अधिकारियों को विवाद सौंप सकेंगे।

25.3 ऐसे विवादित प्रकरण जो तकनीकी प्रकृति के हैं, पर दूरसंचार विभाग के विशेषज्ञों से तकनीकी प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए।

25.4 टॉवरों से विकिरण उत्पन्न करने के संबंध में किसी भी विवाद को दूरसंचार विभाग, छत्तीसगढ़ को तकनीकी परीक्षण कर प्रतिवेदन देने हेतु भेजा जाएं।

26. सेवा प्रदाता के दायित्त्व एवं कर्त्तव्य –

26.1 कोई भी सेवा प्रदाता जो तार मार्ग पर अधिकार के लिए आवेदन कर रहा है, उसे उस क्षेत्र में पूर्व से स्वीकृत राइट ऑफ वे को उपयोग करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

26.1.1 जहां टेलीकॉम टॉवर पहले से मौजूद हैं, उस क्षेत्र में नये टेलीकॉम टॉवर स्थापित करने वाले सेवा प्रदाता को टॉवरों की संख्या कम करने के लिए पूर्व स्थापित टॉवरों का उपयोग करना चाहिए।

26.1.2 जिन सेवा प्रदाताओं ने किसी क्षेत्र में राइट ऑफ वे की अनुमति प्राप्त कर फायबर बिछाये या डाले हैं, वह अपने फाइबर अन्य सेवा प्रदाताओं को लीज पर दें।

26.1.3 किसी क्षेत्र में दूरसंचार अवसंरचना के अधिकतम उपयोग के बाद ही, आवेदक को नए राइट ऑफ वे के लिए आवेदन करना चाहिए।

27. मौजूदा मोबाइल टावरों का नियमितीकरण–

27.1 राज्य में स्थापित ऐसे मोबाइल टॉवर/पोल, जिनके लिए अनुमति नहीं ली गई है या पूर्व में दी गई अनुमति का नवीनीकरण नहीं किया गया है, उन्हें बिना किसी ब्याज या कंपाउंडिंग शुल्क के इस नियम के लागू होने की तारीख से 6 महीने की अवधि में अनुमति शुल्क का भुगतान कर नियमित किया जा सकेगा। इस अवधि के बाद अनुमति शुल्क के अलावा 10 हजार रूपये के अतिरिक्त दण्ड शुल्क के भुगतान पर नियमितीकरण किया जाए।

28. सेवा में व्यवधान एवं सुरक्षा–

